अतिमहत्वपूर्ण
द्वितीय स्मार

पत्रांकः—04 / स्था०—01—48 / 19 ज०सं०:—

झारखण्ड सरकार

जल संसाधन विभाग।

प्रेषकः **अभय नन्दन अम्बष्ठ,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना,
आदित्यपुर, जमशेदपुर।
अपर निदेशक, भू—अर्जन एवं पुनर्वास,
सुवर्णरेखा परियोजना, आदित्यपुर, जमशेदपुर।
सभी मुख्य अभियंता (लघु सिंचाई सहित),
जल संसाधन विभाग, रॉची।
निदेशक, भू—गर्भ जल निदेशालय,
जल संसाधन विभाग, रॉची।
उप समाहर्त्ता,
राजस्व प्रमण्डल, रॉची।

रॉची, दिनांकः—

विषय :— विभागों / निदेशालयों / कार्यालयों के पुर्नगठन तथा पदों के युक्तिकरण (Rationalisation) के संबंध में।

प्रसंग :— विभागीय ज्ञापांक—3753 दिनांक—17.08.2021 एवं पत्रांक 4916 दिनांक 28.09.2021

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि विभागों / निदेशालयों / क्षेत्रीय कार्यालयों में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी / अधिकता को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान परिस्थिति के अनुकूल विभागों / निदेशालयों / संलग्न कार्यालयों के पुर्नगठन / (Rationalisation) हेतु विभागीय स्तर पर गठित युक्तिकरण समिति की दिनांक 15.07.2021 को आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवाही की प्रति (अनुलग्नक सहित) विभागीय **ज्ञापांक 3753 दिनांक 17.08.2021** द्वारा प्रेषित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर इस पर मंतव्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। परंतु अबतक इस निमित कोई मंतव्य विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है जिससे विभागीय युक्तिकरण पर निर्णय लेने में विलंब हो रहा है।

अतः उक्त के आलोक में पुनः स्मारित करना है कि इस पर अपना मंतव्य दिनांक 27.10.2021 को अपराह्न 4:00 बजे तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय अन्यथा उक्त अवधि में मंतव्य प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि युक्तिकरण समिति की अनुशंसा पर आपकी सहमति है।

विदित हो कि कार्यवाही की प्रति अनुलग्नक सहित वेब मैनेजर के माध्यम से विभागीय वेब साईट पर भी अपलोड कराया गया है। सुलभ प्रसंग हेतु पुनः विभाग द्वारा तैयार युक्तिकरण के निमित मुख्य अभियंता वार विवरणी संलग्न है।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझते हुए अंतिम स्मार समझा जाय।

अनु०:—यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0 / —

(अभय नन्दन अम्बष्ठ),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः— 5376 रॉची, दिनांकः— 26/10/21

प्रतिलिपि :— सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, रांची / वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26.10.21

सरकार के संयुक्त सचिव।

26-10-21

F:\Cloud\Section 04\Lekha Lipik Samiksha Baithak smar 23.09.2021.docx